# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 13 जनवरी, 2023

## समुद्रयान मिशन

भारत समुद्रयान मिशन के अंतर्गत खनिज ससाधनों का पता लगाने के लिये एक अभियान प्रारंभ कर रहा है।**भारत इस महासागर मिशन में संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस, फ्राँस, जापान और चीन आदि देशों के साथ पहले से ही 'इलीट क्लब' में शामिल हो चुका है,** जिनके पास ऐसी गतिविधियों के लिये विशिष्ट तकनीक और वाहन उपलब्ध हैं। यह **मानवयुक्त महासागर मिशन** है, इसका कार्य **गहरे समुद्र में अन्वेषण और दुर्लभ खनिजों के स्रोत का पता लगाना** है। इसमें तीन सदस्यों को **स्वदेशी रूप से विकसित मानवयुक्त सैन्य पनडुब्बी मत्स्य 6000** से **समुद्र में भेजा जाएगा जो** समुद्र में **6 हज़ार मीटर की गहराई में जाकर अनुसंधान** करेंगे। मिशन के अगले तीन वर्षों में साकार होने की उम्मीद है। इस मिशन को**राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान, चेन्नई** द्वारा डिज़ाइन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2021 और वर्ष 2022 में स्वतंत्रता दिवस पर संबोधन में डीप ओशन मिशन का जिक्र किया था। केंद्र ने पाँच वर्ष हेतु डीप ओशन मिशन के लिये**4 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक के बजट** को मंज़ूरी दी थी। अभियान का उद्देश्य**केंद्र सरकार के 'नए भारत' के दृष्टिकोण** को बढ़ावा देना है जो विकास के दस प्रमुख आयामों में से एक ब्लू इकॉनमी का समर्थन करता है।

## विश्व की पहली डिजिटिल पार्टी

**भारतीय जनता पार्टी** विश्व की पहली पूर्ण रूप से**डिजिटिल पार्टी** बन गई है। इस पार्टी में**कार्यकर्ताओं की संख्या लगभग 18 करोड़** है जिनमें से**पद पर कार्यरत लोगों की संख्या लगभग 3 करोड़** है। **संगठन रिपोर्टिंग एंड एनालिसिस (सरल)** नाम से तैयार एक**एप** के माध्यम**आम जनता के लिये पार्टी के अध्यक्ष से बूथ स्तर तक के कार्यकारी सदस्यों तक पहुँच को आसान बनाने** के साथ **पार्टी के अंदर भी संवाद** का एक महत्त्वपूर्ण माध्यम है। पार्टी से संपर्क करने के लिये **फोन और SMS** की सुविधा वाले इस एप के माध्यम से देश में किसी भी **राज्य के पदाधिकारी से संपर्क** किया जा सकता है। **एप की प्रमुख विशेषता यह है कि इसकी मदद से किसी भी पदाधिकारी तक रियल टाइम संदेश प्रेषण संभव है जिससे पदाधिकारियों को किसी मुद्दे पर सक्रिय करने की सुविधा** उपलब्ध रहेगी। **सभी के पास इस एप को डाउनलोड करने की सुविधा होगी लेकिन सीमित मात्रा में, एप में संगठन के प्रमुख हिस्से तक पहुँच की सुविधा केवल पार्टी से संबद्ध पदाधिकारियों के पास होगी।**

## सौरमंडल के बाहर पृथ्वी जैसा दिखने वाला पहला ग्रह

नासा के **जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप** जो कि अगली पीढ़ी की वेधशाला है, ने पृथ्वी से लगभग 15,00,000 किलोमीटर दूर अंतरिक्ष के निर्वात में एक वर्ष से अधिक समय बिताने के बाद हमारे सौरमंडल के बाहर अपने पहले ग्रह की खोज की पुष्टि की है। यह खोज**लॉरेल मैरीलैंड** की **जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी एप्लाइड फिजिक्स लेबोरेटरी** में खगोलविदों की अगुवाई में की गई है। शोध टीम के अनुसार,**एलएचएस 475 बी पृथ्वी के आकार का एक स्थलीय ग्रह है लेकिन शोधकर्त्ता अभी तक यह नहीं जानते हैं कि एक्सोप्लैनेट या नए ग्रह में वायुमंडल है या नहीं** । वैज्ञानिकों ने बताया कि एक्सोप्लैनेट पृथ्वी से सिर्फ 41 प्रकाश वर्ष दूर, नक्षत्र ऑक्टान में स्थित है। यह ग्रह एक लाल बौने तारे की परिक्रमा करता है जिसका तापमान सूर्य के तापमान के आधे से भी कम है। एलएचएस 475 बी हमारे सौरमंडल के किसी भी ग्रह की तुलना में अपने तारे के करीब है, इसे एक पूर्ण कक्षा को पूरा करने में सिर्फ दो दिन का समय लगता है। वेब टेलीस्कोप के अवलोकनों ने यह भी संकेत दिया कि एक्सोप्लैनेट पृथ्वी की तुलना में लगभग 100 डिग्री अधिक गर्म है। सिएटल में अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की 241वीं बैठक में बुधवार को यह शोध प्रस्तुत किया गया।

## LAC अवसंरचना विकास में प्रगति




//

भारत के सेना प्रमुख के अनुसार, वास्तविक नियंत्रण रेखा (Line of Actual Control- LAC) के पास अवसंरचना में महत्त्वपूर्ण सुधार हुआ है। सेना ने चीन के साथ LAC पर भारत की तरफ देश के अवसंरचना में काफी वृद्धि की है, जिसमें 6,000 किलोमीटर की सीमा सड़क बनाने से लेकर लद्दाख और कामेंग में सभी मौसम में संचार बढ़ाना शामिल है। उदाहरण के लिये लद्दाख में **ज़ोजिला सुरंग एवं Z-मोड़ सुरंग** तथा अरुणाचल प्रदेश में **सेला सुरंग** वर्तमान में निर्माणाधीन हैं। **सेना पाँच प्रमुख क्षेत्रों** जैसे- पुनर्गठन और अनुकूलन, आधुनिकीकरण व प्रौद्योगिकी, मानव संसाधन प्रबंधन जैसे- **अग्निपथ योजना**, संयुक्तता एवं एकीकरण, प्रणालियों तथा प्रक्रियाओं में सुधार पर कार्य कर रही है। वर्तमान में सेना महिला अधिकारियों को**आर्टिलरी रेजिमेंट में शामिल करने की मांग कर रही है, इससे लड़ाकू हथियारों के संदर्भ में महिलाओं की पहचान स्थापित होगी।**

**और पढ़ें..** वास्तविक नियंत्रण रेखा

## पेरू में सरकार विरोधी प्रदर्शन




हाल ही में **पेरू के दक्षिण में 41 प्रांतों में पूर्व राष्ट्रपति के पक्ष और वर्तमान राष्ट्रपति के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन तथा सड़क अवरोध के मामले सामने आए हैं**। एंडियन राष्ट्र में एक महीने पहले शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों के परिणामस्वरूप**कुस्को शहर में हिंसा संबंधी नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, मारे गए लोगों की संख्या 48 हो गई है।** मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के इस विरोध प्रदर्शन में, जो कि पूर्व राष्ट्रपति के पक्ष में है, देश**में तत्काल चुनाव और वर्तमान राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग की जा रही है**।

**और पढ़ें:** मानव अधिकार

## मनोरंजन उद्योग में बाल भागीदारी को विनियमित करने के लिये मसौदा दिशा-निर्देश

हाल ही में **राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, जिसे बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम, 2005 के तहत वर्ष 2007 में स्थापित किया गया था, ने** 12 जनवरी को **अपना 18वाँ स्थापना दिवस मनाया।** इस अवसर को पूरी तरह से बच्चों को समर्पित करने हेतु**आयोग द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस** (स्वामी विवेकानंद जयंती) **पर बाल अधिकारों के बारे में बच्चों के बीच जागरूकता विकसित करने के लिये एक क्विज़ प्रतियोगिता आरंभ की गई। यह बच्चों को उनके अधिकारों से सशक्त बनाने का एक मंच है।**

**और पढ़ें...**

## नोटसि टू एयरमैन (NOTAM)

हाल ही में **अमेरिका में कंप्यूटर सिस्टम में बड़ी गड़बड़ी के कारण हज़ारों उड़ानें रद्द कर दी गई। यह कार्रवाई नोटसि टू एयरमैन (NOTAM)** नामक एक **प्रमुख पायलट अधिसूचना प्रणाली** की विफलता के कारण की गई। भारत में **NOTAM या नोटसि टू एयरमैन**, **दूरसंचार के माध्यम से प्रेषित नोटिस है**, जिसमें किसी वैमानिकी सुविधा, सेवा, प्रक्रिया या खतरे की स्थिति या परिवर्तन से संबंधित जानकारी होती है,**जिसका समय पर ज्ञान, उड़ान संचालन से संबंधित कर्मियों के लिये आवश्यक है।**

**और पढ़ें....[नोटसि टू एयरमैन (NOTAMs)]**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-13-january-2023